


## एक नजर में



### नितेश गुर्जर ने मध्यप्रदेश टॉप टेन में आठवां स्थान प्राप्त किया

मेहगांव पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मेहगांव की छात्रा कुं.नितेश गुर्जर पुत्री श्री रघुराज सिंह गुर्जर ने गणित संकाय से मध्य प्रदेश में 8वां स्थान प्राप्त कर मेहगांव क्षेत्र का नाम रोशन किया हैं बेटी नितेश को आज कन्या शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मेहगांव में प्रदेश में आठवां स्थान प्राप्त करने पर मिठाई खिलाकर बधाई और शुभकामनाएं दी कु.नितेश गुर्जर ने आठवां स्थान प्राप्त करने पर अपने माता पिता स्कूल के शिक्षकों का सबसे बड़ा योगदान बताया बेटी ने भिंड जिले का नाम मध्यप्रदेश नाम रोशन किया हैं बधाई और शुभकामनाएं देने वालों में मुख्य रूप से प्रभारी प्राचार्य बृजभान सिंह दिनेश थापक रीना गोयल नम्रता राठौर रीना भदौरिया रामनरेश नरवरिया पुरुषोत्तम राजौरिया महेंद्र सिंह अकरम खान उपेंद्र सिंह भदौरिया ने बेटी नितेश की उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ बधाई और शुभकामनाएं दी।



### नैतिक ने जिले में तीसरा स्थान पाया, सीबीएसई में भी छात्रों का शानदार प्रदर्शन

**भिण्ड।** हाल ही में घोषित एमपी बोर्ड एवं सीबीएसई परीक्षा परिणाम 2026 में जिले की अग्रणी शिक्षण संस्था सिटी सेन्ट्रल स्कूल के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर एक बार फिर सफलता का परचम लहरा दिया है एमपी बोर्ड कक्षा 10वीं में विद्यालय के छात्र नैतिक शिवहरे ने 97.40 प्रतिशत अंक अर्जित कर जिले में तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं विद्यालय स्तर पर अनुष्का कुशवाह (97.20) ने द्वितीय एवं याचना तोमर (96.80) ने तृतीय स्थान प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया कक्षा 12वीं में भी छात्रों ने शानदार परिणाम दिए, जिसमें स्वप्निल सिंह यादव (93.40), अभिनव शर्मा (93) एवं कुमकुम (92.8) अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। इसी क्रम में संस्था बिहारी बाल मंदिर के कक्षा 10वीं के छात्रों ने भी बेहतरीन प्रदर्शन किया, जहां देविका यादव (97), अंजली कुशवाह (95) एवं अंशिका यादव (93.2) ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त कर प्रावीण्य सूची में स्थान बनाया। वहीं केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) परीक्षा परिणाम 2026 में भी सिटी सेन्ट्रल स्कूल के छात्र-छात्राओं का दबदबा कायम रहा। कक्षा 10वीं में अनुष्का शर्मा (95.80) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि पूर्णिमा सिंह (95.40) द्वितीय एवं देव जैन (95) तृतीय स्थान पर रहे इसके साथ ही एम.पी. एजुकेशन अकादमी, जलपुरा के छात्र हर्षित शर्मा (95.40) ने अपने विद्यालय में अव्वल रहकर संस्था, माता-पिता एवं जिले का नाम रोशन किया इन सभी छात्र-छात्राओं की सफलता पर संस्था के संचालक राजेश शर्मा, अध्यक्ष रामनरेश तिवारी, संरक्षक रामभरत पाठक, प्रशासनिक अधिकारी बी.एस. पाल, प्राचार्य पी.के. शर्मा सहित समस्त शिक्षकगणों ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर गोहद में हुआ आयोजन

**गोहद।** संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर गोहद नगर में जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित कर उनका श्रद्धापूर्वक स्मरण किया गया। पूरे नगर में बाबा साहेब के प्रति सम्मान और श्रद्धा का वातावरण देखने को मिला। इस अवसर पर पूर्व विधायक रणवीर जाटव के ने नया बस स्टैंड स्थित अंबेडकर पार्क में विशाल सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पूजा-अर्चना के साथ हुई। उपस्थित जनसमूह ने उनके बताए मार्ग पर चलने और सामाजिक समानता व न्याय के मूल्यों को अपनाने का संकल्प लिया।

# 12 होनहारों ने किया कमाल, प्रदेश टॉप-10 में बनाई जगह

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 15 अप्रैल।** माध्यमिक शिक्षा मंडल म.प्र. भोपाल द्वारा घोषित हायर सेकेण्डरी एवं

**हायर सेकेण्डरी में 4 और हाईस्कूल में 8 विद्यार्थियों का जलवा, बेटियों ने फिर मारी बाजी**

हाईस्कूल परीक्षा परिणाम 2026 में भिण्ड जिले के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। जिले से कुल 12 विद्यार्थियों ने राज्य स्तरीय टॉप-10 की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त कर जिले का गौरव बढ़ाया है। जिले का हाईस्कूल परीक्षा परिणाम 57.28 प्रतिशत दर्ज किया गया, जिसमें छात्रों का परिणाम 55.42 प्रतिशत एवं छात्राओं का 59.45 प्रतिशत रहा, जो बेटियों के बेहतर प्रदर्शन को दर्शाता है। वहीं हायर सेकेण्डरी में कला समूह का परिणाम 60.17 प्रतिशत, विज्ञान समूह का 51.36 प्रतिशत, कॉमर्स का 67.55 प्रतिशत, कृषि का 63.08 प्रतिशत तथा गृह विज्ञान का 69.70 प्रतिशत रहा।

**हायर सेकेण्डरी में छात्राओं का दबदबा :** हायर सेकेण्डरी परीक्षा में जिले की 4 छात्राओं ने प्रदेश की टॉप-10 सूची में स्थान बनाया पीएम श्री शासकीय कन्या उमावि मेहगांव की नितेश गुर्जर ने गणित समूह में 485 अंक अर्जित कर 8वां स्थान प्राप्त किया। शासकीय उत्कृष्ट उमावि क्रमांक-1 भिण्ड की सोनम देवी ने वाणिज्य समूह में 483 अंक के साथ 8वां स्थान हासिल किया। कस्तूरी देवी कन्या उमावि भिण्ड की गुनगुन शाक्य ने 484 अंक के साथ 9वां स्थान तथा शासकीय उमावि आलमपुर की सुहानी पाठक ने 483 अंक के साथ 10वां स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया।

**हाईस्कूल में 8 विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन :** हाईस्कूल परीक्षा में जिले के 8 छात्र-छात्राओं ने टॉप-10 में स्थान बनाकर उपलब्धि हासिल की।

आरपीएस सेंट्रल हाईस्कूल की अंशू गुप्ता ने 494 अंक प्राप्त कर 6वां स्थान हासिल किया। शासकीय हाईस्कूल जाखोली लहार के वेद प्रकाश कौरव ने 493 अंक के साथ 7वां स्थान प्राप्त किया। टीडीएस एकेडमी मेहगांव की दृष्टि सिंह राठौर, अग्रवाल विद्या मंदिर भिण्ड के अनुराग शर्मा एवं पीएम श्री शासकीय बालक उमावि गोरमी के दिव्यांश ने 491-491 अंक प्राप्त कर 9वां स्थान प्राप्त किया। वहीं शासकीय उत्कृष्ट उमावि भिण्ड की निराली बघेल, शासकीय कन्या उमावि गोरमी की मोहिनी जाटव एवं सांदपनी शासकीय उमावि कनावर के विशाल सिंह ने 490 अंक प्राप्त कर 10वां स्थान हासिल किया।

**जिले में खुशी की लहर :** विद्यार्थियों की इस ऐतिहासिक सफलता पर जिलेभर में खुशी का माहौल है। शिक्षकों, अभिभावकों एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## 8 छात्रों ने 10वीं मेरिट में बनाई जगह

**भिंड, 15 अप्रैल।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा घोषित कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम में भिंड जिले के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। जिले के आठ विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान बनाकर जिले का नाम रोशन किया है, वहीं कुल परीक्षा परिणाम 67.37 प्रतिशत दर्ज किया गया है।

भिंड जिले की अंशू गुप्ता (पुत्री राकेश गुप्ता), आरपीएस सेंट्रल हाईस्कूल भिंड ने 494 अंक प्राप्त कर प्रदेश में छठवां स्थान हासिल किया। इसी स्थान पर शासकीय हाईस्कूल जाखौली के वेदप्रकाश कौरव (पुत्र रविशंकर कौरव) ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

**8 छात्रों ने 10वीं मेरिट में बनाई जगह :** सातवें स्थान पर दृष्टि सिंह राठौर (पुत्री योगेश सिंह राठौर) ने 493 अंक प्राप्त कर जिले का गौरव बढ़ाया। वहीं नौवें स्थान पर 491 अंक के साथ अनुराग शर्मा (टीडीएस अकादमी मेहगांव), अग्रवाल विद्या मंदिर भिंड के छात्र तथा शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोरमी के दिव्यांश (पुत्र कदम सिंह) शामिल रहे। इसके अलावा दसवें स्थान पर 490 अंक के साथ निराली बघेल (शासकीय उमावि क्रमांक एक भिंड), मोहिनी जाटव (शासकीय कन्या स्कूल गोरमी) और विशाल सिंह (शासकीय सांदीपनि उमावि कनावर) ने भी प्रदेश की मेरिट सूची में जगह बनाई। जिले के इस शानदार प्रदर्शन से शिक्षा विभाग में उत्साह का माहौल है।

# तीन मंजिला मकान में लगी भीषण आग, महिला की मौत

**नवभारत न्यूज**
**गोरमी, 15 अप्रैल।** भिण्ड जिले के गोरमी कस्बे में एक दुखद घटना घटी, जहां देर रात करीब 2 बजे एक तीन-मंजिला इमारत में भीषण आग लग गई. आग मंजिल पर स्थित एक फर्नीचर और इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान में किसी अज्ञात कारण से लगी थी. तेजी से पूरी इमारत में फैल गई. लकड़ी और ज्वलनशील पदार्थों की मौजूदगी के कारण, आग तेजी से भड़क उठी और एक विकराल रूप ले लिया. घटना के समय परिवार के सभी सदस्य ऊपरी मंजिलों पर सो रहे थे. जिसके चलते दम घुटने से एक महिला की मौके पर ही



मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें ग्वालियर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**तीन मंजिला मकान में लगी भीषण आग :** यह घटना गोरमी कस्बे में मेहगांव रोड पर हुई. इस दुखद घटना ने एक हंसते-खेलते और खुशहाल परिवार की खुशियां छीन लीं. देर रात 2 बजे घर के परिसर में ही स्थित फर्नीचर और इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान से काले धुएं के घने बादल उठने लगे. इससे पहले कि कोई समझ पाता कि आखिर हो क्या रहा है, लकड़ी के फर्नीचर और रसायनों ने आग को इतनी तेजी से भड़का दिया कि पूरी तीन-मंजिला इमारत उसकी चपेट में आ गई और एक जलते हुए नरक में तब्दील हो गई. घटना की सूचना मिलते ही गौरमी नगर परिषद की दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचींऔर आग बुझाने में जुट गई आग उस समय अपना बिकराल रूप ले चुकी थी जिसके बाद मेहगांव और भिंड से दमकल की गाड़िया मंगानी पड़ी।

# मालनपुर शाउमावि का परीक्षा परिणाम शानदार, 12वीं में रोहित तोमर 95 के साथ टॉपर

**नवभारत न्यूज**
**मालनपुर, 15 अप्रैल।** बुधवार को माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा कक्षा 10 और 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। मालनपुर में संचालित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का कक्षा 10वीं एवं 12वीं का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र में विद्यालय का नाम रोशन किया है।

कक्षा 12वीं कॉमर्स संकाय के छात्र रोहित तोमर ने 95ज अंक प्राप्त कर विद्यालय एवं क्षेत्र में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं नवित रजक ने कॉमर्स विषय में 93 प्रतिशत, आर्यन ने मेथ विषय में 90 प्रतिशत, मोहिनी पटेल ने कॉमर्स में 86 प्रतिशत , रचना



ओझा ने मेथ विषय से 83ज अंक प्राप्त किए हैं तो वहीं एक दर्जन से अधिक छात्रों 75ज से ज्यादा अंक अर्जित कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है।

टॉपर छात्र रोहित के पिताजी की कुछ बर्ष पहले गंभीर बीमारी के चलते निधन हो गया था , जिसके चलते उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ा लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी, कठिन परिस्थितियों पढ़ाई कर क्षेत्र में प्रथम स्थान प्राप्त किया हैद्य छात्र ने बताया में (सीए) बनना चाहता हूं, तो वहीं अन्य छात्र-छात्राओं ने आईएएस, आईपीएस ,डॉक्टर, इंजीनियर बनने की इच्छा जाहिर की।

**प्राचार्य ने किया सम्मानित :** उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को विद्यालय के प्राचार्य फोदल सिंह कुशवाह ने विद्यालय बुलाकर सम्मानित किया। प्राचार्य ने पांच मेधावी विद्यार्थी को 1100-1100 रुपए नकद पुरस्कार देकर और मिठाई खिलाकर उनका मुंह मीठा कराया। उन्होंने सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि कड़ी मेहनत और अनुशासन से ही सफलता मिलती है।इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं भी मौजूद रहे। शिक्षकों ने भी बच्चों की मेहनत और लगन की सराहना की।

**आईटी ब्यूटी का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत, प्राचार्य ने शिक्षकों को दिया श्रेय :** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मालनपुर में इस वर्ष आईटी स्ट्रीम का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा।

विद्यालय के सभी विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए।विद्यालय के प्राचार्य फोदल सिंह कुशवाह ने इस शानदार प्रदर्शन का श्रेय विद्यालय के समस्त शिक्षकों की कड़ी मेहनत और विद्यार्थियों की लगन को दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के मार्गदर्शन और बच्चों के अनुशासन से ही यह सफलता संभव हो पाई है। प्राचार्य ने सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**कारपेंटर की बेटी बनी क्षेत्र की टॉपर :** मालनपुर क्षेत्र के ग्राम हरीराम का पुरा में रहने वाले संजय कारपेंटर का काम कर परिवार का भरण पोषण करते हैं उनकी बेटी आयुषी ने कड़ी मेहनत और लगन से पढ़ाई कर दसवीं कक्षा में 470 अंक प्राप्त कर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया हैद्य वह 94ज अंकों के साथ क्षेत्र में पहले स्थान पर है आयुषी ने क्षेत्र के एक निजी विद्यालय से पढ़ाई की है।

> **10वीं में संजना पाल अव्वल**
> कक्षा 10वीं में विद्यालय की छात्रा संजना पाल ने 500 में से 449 अंक पाकर विद्यालय में टॉप किया। इसके अलावा देवराज, राहुल, कृष्णा, पलक, आरती, तनुष्का, आशीष, राधिका, तमन्ना, रमन, देवांश, सुमित, सत्यम, राघव, करिश्मा, मनोरमा, मुकुल और रॉकी सहित कई विद्यार्थियों ने 75 से अधिक अंक प्राप्त कर शानदार सफलता दर्ज की।

# एनएच-719 पर सड़क हादसे में युवक की मौत

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 15 अप्रैल।** जानकारी के



अनुसार अटेर रोड स्थित उदोतगढ़ गांव निवासी 24 वर्षीय सुग्रीव पुत्र सावले धानुक मंगलवार को किसी निजी कार्य से बाइक से भिंड आ रहा था। जब वह भारौली तिराहे के पास पहुंचा, तभी किसी अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी भीषण थी कि सुग्रीव गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा और उसकी

**बाइक से आया था भिंड, भारौली तिराहे पर वाहन ने मारी टक्कर**

मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को तत्काल जिला अस्पताल भिंड ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद आरोपी वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और उसकी तलाश शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं, जिससे वाहन की पहचान की जा सके। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजन जिला अस्पताल पहुंचे, जहां उनका रो-रोकर बुरा हाल था। इलाके में इस हादसे को लेकर गहरा शोक व्याप्त है।

# सजग कार्यक्रम के तहत वृक्षारोपण अभियान, लगाए 150 पौधे

**नवभारत न्यूज**
**मालनपुर, 15 अप्रैल।** सजग कार्यक्रम के तहत परहित समाज सेवा संस्था और लैंड स्टिक ने गोदरेज के सहयोग से मालनपुर क्षेत्र के इकहारा ,सिंघवारी, लहचूरा का पूरा मैं एक व्यापक वृक्षारोपण अभियान चलाया गया इस अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में हरित आवरण बढ़ाना और लोगों को प्रकृति के प्रति जागरूक करना इस कार्यक्रम का संचालन परहित समाज सेवा संस्था से



कोऑर्डिनेटर हिमांशु राजावत सुपरवाइजर रेखा भदोरिया फैसिलैटर अरुणा धाकड़ के नेतृत्व में किया गया।

अभियान के दौरान तीनों गांव में 150 पौधे रोपे गए जिनमें 100 अमरूद के पौधे एवं 50 छायादार और धार्मिक महत्व के पेड़ जैसे पीपल और बरगद शामिल रहे अमरूद के पौधों को ग्रामीणों के घरों और उनके आसपास लगाया गया जिसमें भविष्य में उन्हें पोषण युक्त फल प्राप्त हो सके और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिले वहीं पीपल और बरगद के पौधों को मंदिर विद्यालयों तथा अंबेडकर पार्क जैसे सार्वजनिक स्थलों पर रोपित के गए ताकि आने वाले समय में पेड़ छाया और शुद्ध वायु प्रदान कर सके।

इसी के साथ कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामीण महिलाओं एवं युवाओं और ईको क्लब के बच्चों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया और पौधों की देखभाल का संकल्प भी लिया इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और उनकी देखभाल करने की अपील की इस प्रकार का आयोजन न केवल पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में सहायक है बल्कि समाज में जागरूकता फैलाने का भी एक प्रभावी माध्यम बन रहा है इसी के साथ संस्था से रेखा भदोरिया ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

**गोहद नपा का बड़ा घोटाला**

# टेंडर प्रक्रिया में देरी कर कर्मचारियों ने की खुली वसूली

**नवभारत न्यूज**
**गोहद, 15 अप्रैल।** शहर में अस्थाई दखल (ठेला और बाहरी वाहनों से वसूली) के ठेके को लेकर नगर पालिका गोहद में एक बड़ा खेल सामने आया है। आरोप है कि नगरपालिका ने टेंडर प्रक्रिया को जानबूझकर देर से पूरा किया, ताकि इस बीच के समय में कर्मचारी सीधे वसूली करके मोटा मुनाफा कमा सकें। इस मामले में

**जीएसटी की शर्त ने मचाया बवाल!**

18ज जीएसटी की एक विवादित शर्त ने ठेकेदारों और जनता के बीच बड़ा विवाद खड़ा कर दिया है, जिससे नगरपालिका के राजस्व में संभावित गड़बड़ी का संकेत मिल रहा है।

**देरी से टेंडर, कर्मचारियों की चांदी :** जानकारी के अनुसार, नगर पालिका गोहद ने हर साल की तरह इस वर्ष भी अस्थाई दखल के लिए ठेका जारी किया। हालांकि, टेंडर प्रक्रिया को जानबूझकर काफी देर से शुरू किया गया। स्थानीय लोगों




और व्यापारियों का आरोप है कि इस देरी का मुख्य उद्देश्य यह था कि जब तक ठेका आवंटित नहीं होता, तब तक नगर पालिका के कर्मचारी शहर में ठेला-पटरी लगाने वालों और बाहरी वाहनों से सीधे वसूली करते रहें। इस 'बीच के समय' में कर्मचारियों द्वारा की गई इस खुली वसूली से उन्हें काफी आर्थिक लाभ हुआ, जिसे 'चांदी काटना' कहा जा रहा है।

**जीएसटी की विवादित शर्त: ठेकेदार के लिए सिरदर्द, जनता की जेब पर चोट :** टेंडर प्रक्रिया में एक ऐसी शर्त जोड़ दी गई है, जिसने ठेकेदार के लिए ठेका संचालित करना लगभग असंभव बना दिया है। सबसे बड़ा विवाद 18ज जीएसटी को लेकर खड़ा हुआ है। नियमों के अनुसार, अस्थाई दखल जैसे मामलों में जीएसटी लागू नहीं माना जाता। यदि जीएसटी लागू किया भी जाता है, तो यह राशि वसूली में शामिल की जानी चाहिए। लेकिन, नगर पालिका ने वसूली की दरें तय करते समय इस 18ज जीएसटी को शामिल ही नहीं किया।

इसका सीधा मतलब यह है कि जीएसटी का पूरा बोझ ठेकेदार पर आ गया है। इस आर्थिक बोझ के कारण ठेकेदार ने अनुबंध करने में देरी की, जिसका फायदा कर्मचारियों ने अपनी मनमानी वसूली के लिए उठाया।

**पुलिस की पूछताछ में खुला राज: नगर सीमा से बाहर के वाहनों से भी वसूली! :** स्थानीय लोगों की शिकायतों के बाद, पुलिस अधीक्षक भिंड के निर्देश पर गोहद थाना प्रभारी ने इस मामले की जांच शुरू की और वाहनों से पूछताछ की। एक वाहन चालक ने चौंकाने वाला खुलासा करते हुए बताया कि वह डरमनपाली से आ रहा था, जो नगरीय सीमा में नहीं पड़ता, और उत्तर प्रदेश जा रहा था। इसके बावजूद, उससे जबरदस्ती वसूली की गई। यह बयान पूरे मामले पर गंभीर सवाल खड़े करता है कि जब वाहन नगर पालिका की सीमा में प्रवेश ही नहीं कर रहा था, तो उससे वसूली किस आधार पर और किस आदेश पर की जा रही थी।

**जनता में आक्रोश, हो रही है उच्चस्तरीय जांच की मांग :** इस पूरे प्रकरण को लेकर स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों में भारी आक्रोश है। उनका कहना है कि यह मामला सिर्फ ठेके के विवाद का नहीं है, बल्कि यह नगर पालिका के राजस्व में होने वाली बड़ी गड़बड़ी और भ्रष्टाचार की ओर इशारा कर रहा है। जनता और व्यापारी अब मांग कर रहे हैं कि इस पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए और इसमें शामिल सभी जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

> **उठ रहे गंभीर सवाल**
> क्या टेंडर प्रक्रिया को जानबूझकर देर से पूरा किया गया ताकि कर्मचारी वसूली कर सकें ?अस्थाई दखल ठेकों में जीएसटी की यह शर्त क्यों जोड़ी गई, जबकि नियम स्पष्ट नहीं हैं। नगर सीमा से बाहर जाने वाले वाहनों से वसूली किस आदेश पर की जा रही थी। कर्मचारियों द्वारा की गई खुली वसूली और मनमानी के लिए उनकी भूमिका की जांच कब होगी। यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि प्रशासन इस मामले में कितनी गंभीरता से कार्रवाई करता है और क्या इस बार ऐसे घोटालों पर लगाम लगती है या यह मामला भी फाइलों में दबा दिया जाता है।


## कार्यालय नगरपालिका परिषद् भिण्ड, जिला-भिण्ड (म.प्र.)

क्रमाक/ई-टेण्डरिंग/स्वास्थ्य/2026/187 — भिण्ड, दिनांक: 8-4-26

**ई-निविदा आमंत्रण विज्ञप्ति**

Tender No. 2026_UAD_498768_1

एतद् द्वारा केन्द्रीयकृत पंजीयनधारी ठेकेदार/सप्लायर्स/लेबर वर्क फर्मों से अधोलिखित कार्यों हेतु ई-टेण्डर के माध्यम से ऑनानाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदाकार अपनी दरें फार्म सी पर आयटम रेट दरों के आधार पर दर्शित तालिका अनुसार कार्यों हेतु प्रस्तुत कर सकते हैं। कार्य का विवरण निम्नानुसार है.

| क्र. | निविदा आमंत्रण का प्रकार | कार्य का नाम | अनुमानित लागत मय जीएसटी | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1st call | निकाय क्षेत्रांतर्गत संपूर्ण गौरी में व्याप्त जलकुंभी को लेबर/मशीनरी द्वारा सफाई करने का कार्य एवं निकली जलकुंभी को निकाय क्षेत्र से बाहर स्थानांतरित करने का संपूर्ण कार्य | 2000000/- | 20000/- | 5000/- | 01 माह |

**शर्तें :-**
1. टेण्डर फार्म दिनांक 09-4-2026 समय 11:00 बजे से दिनांक 24-4-2026 को समय 17:30 बजे तक ऑनलाइन क्रय किये जा सकते हैं।
2-निविदाएं (Bid submission end date) दिनांक 24-4-2026 समय 17:30 बजे तक ऑनलाइन प्रस्तुत की जा सकती हैं।
3- प्राप्त निविदाओं का Mandatory Submission Envelope-A दिनांक 27-4-2026 को समय दोपहर 12:30 बजे के बाद खोला जावेगा तथा Financial Bid Envelope-C दिनांक 27-4-2026 को 15:00 बजे के बाद खोला जावेगा।
4-निविदा सम्बंधी विस्तृत जानकारी https://www.mptenders.gov.in पर या कार्यालयीन समय में कार्यालय की निर्माण शाखा से प्राप्त की जा सकती है

**वर्षा अमित बाल्मीकि**
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, भिण्ड,
जिला भिण्ड (म.प्र.)

**यशवंत वर्मा**
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् भिण्ड,
जिला भिण्ड (म.प्र.)